नवोदय विद्यालय समिति
मानव संसाधन विकास मंत्रालय
(स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग)
भारत सरकार
बी-15, इंस्टीट्यूशनल एरिया, सैक्टर-62, नोएडा (उ.प्र.) -201309
दूर. 0120-2405969,70,71,72,73, फैक्स : 0120-2405182

Navodaya Vidyalaya Samiti
Ministry of Human Resource Development
(Deptt. of School Education & Literacy)
Government of India
B-15, Institutional Area, Sector-62, NOIDA (U.P.)- 201309
Tel. 0120-2405969,70,71,72,73, Fax : 0120-2405182
वेबसाइट/Website : www.nvshq.org

नवोदय विद्यालय समिति मे सहायक आयुक्तों, प्राचार्यों, स्नातकोत्तर शिक्षकों (पी.जी.टी.), प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (टी.जी.टी.), विविध शिक्षकों और प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (तृतीय भाषा) की भर्ती : 2016

नवोदय विद्यालय समिति, जिसे इसके पश्चात न.वि.स. दर्शाया गया हैं, मानव संसाधन विकास मंत्रालय, स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत संगठन हैं, भारतीय नागरिकों से वर्ष 2016 हेतु सहायक आयुक्तों, प्राचार्यों, स्नातकोत्तर शिक्षकों (पी.जी.टी.), प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (टी.जी.टी.), विविध शिक्षकों और प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (तृतीय भाषा) की भर्ती हेतु ऑन-लाइन आवेदन आमंत्रित करती है।

उम्मीदवार न.वि.स. की वेबसाइट www.nvshq.org या www.mecbsegov.in के माध्यम से ऑन-लाइन आवेदन कर सकते हैं। किसी अन्य साधन/माध्यम से आवेदन स्वीकार्य नही होंगे। ऑन-लाइन आवेदनों का विवरण निम्नानुसार हैं:-

न.वि.स. की वेबसाइट www.nvshq.org या www.mecbsegov.in
पर पंजीकरण प्रारम्भ करने की तिथि : 10.09.2016 (08.00 बजे से)
पंजीकरण करने की अंतिम तिथि : 09.10.2016 (24.00 बजे तक)

अनुमानित रिक्तियों का विषय-वार और श्रेणी-वार ब्यौरा निम्नानुसार हैं :-

सहायक आयुक्त

अना	अ.पि.व.	अ.जा.	अ.ज.जा.	कुल
01	01	00	00	02*

* शारीरिक अक्षमता (एक बाजू या एक पैर की गति अक्षमता) वाले व्यक्तियों हेतु एक पद।

प्राचार्य

अना.	अ.पि.व.	अ.जा.	अ.ज.जा.	कुल
22	10	06	02	40

स्नातकोत्तर शिक्षक (पी.जी.टी.)

क्र. सं.	विषय	अ.ना.	अ.पि.व.	अ.जा.	अ.ज.जा.	कुल
1	जीव विज्ञान	44	17	15	01	77
2	रसायन विज्ञान	46	12	15	17	90
3	वाणिज्य	20	15	11	06	52
4	अर्थशास्त्र	44	23	33	12	112
5	अंग्रेजी	56	00	11	09	76

6	भूगोल	32	09	10	05	56
7	हिन्दी	57	00	12	09	78
8	इतिहास	48	08	09	05	70
9	गणित	36	25	31	25	117
10	भौतिक विज्ञान	49	19	15	19	102
11	सूचना प्रौद्योगिकी	33	00	07	10	50
	कुल	**465**	**128**	**169**	**118**	**880**

प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टी.जी.टी.)

क्र. सं.	विषय	अना	अ.पि.व.	अ.जा	अ.ज.जा.	कुल
1	अंग्रेजी	77	26	19	37	159
2	हिन्दी	78	28	18	08	132
3	गणित	99	20	51	59	229
4	विज्ञान	35	06	09	22	72
5	सामाजिक विज्ञान	49	08	02	09	68
	कुल	**338**	**88**	**99**	**135**	**660**

विविध श्रेणियां

क्र. सं.	विषय	अना.	अ.पि.व.	अ.जा	अ.ज.जा	कुल
1	संगीत	14	21	02	04	41
2	कला	20	26	00	04	50
3	शारीरिक शिक्षा शिक्षक (पुरूष)	12	16	00	00	28
4	शारीरिक शिक्षा शिक्षक (महिला)	54	21	08	08	91
5	पुस्तकालयाध्क्ष	35	10	00	00	45
	कुल	**135**	**94**	**10**	**16**	**255**

टी.जी.टी. (तृतीय भाषा)

क्र. सं.	विषय	अना	अ.पि.व.	अ.जा	अ.ज.जा	कुल
1	असमिया	15	10	09	06	40
2	बंगाली	27	18	10	06	61
3	बोडो	03	02	01	01	07
4	गारो	03	02	01	01	07
5	गुजराती	12	04	00	00	16
6	कन्नड़	00	08	00	00	08
7	खासी	00	03	02	00	05
8	मलयालम	00	00	00	05	05
9	मराठी	04	02	00	03	09
10	मिजो	02	02	01	00	05
11	नेपाली	00	02	02	01	05
12	ओड़िया	00	15	00	05	20

13	पंजाबी	08	01	00	06	15
14	तामिल	00	00	00	01	01
15	तेलुगु	00	00	00	04	04
16	उर्दू	05	04	12	06	27
	कुल	**79**	**73**	**38**	**45**	**235**

ऊपर दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और उनमें आगे परिवर्तन हो सकता है।

जवाहर नवोदय विद्यालय सह-शैक्षिक, पूर्ण आवासीय, वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक के विद्यालय हैं और मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। वर्तमान में देशभर में 591 जवाहर नवोदय विद्यालय (ज.न.वि.) क्रियाशील हैं। चूंकि जवाहर नवोदय विद्यालय पूर्णतः आवासीय संस्थान हैं, शिक्षकों को विद्यालय परिसर में रहना पड़ता है, जिसके लिए उपलब्ध किरायामुक्त आवास मुहैया कराया जाता है। सामान्य शिक्षण ड्यूटी के अतिरिक्त शिक्षकों से अपेक्षा की जाती है कि वे आवासीय स्कूल प्रणाली से संबंद्ध अतिरिक्त दायित्वों का निर्वहन करें, जैसे हाउस मास्टर, सुधारात्मक और पर्यवेक्षी अध्ययन, पाठ्येतर गतिविधियों का संचालन, प्रवसन पर आए विद्यार्थियों की अभिरक्षा और विद्यार्थियों के सामान्य कल्याण कार्यों की देखरेख। परिवीक्षा अवधि के दौरान सेवा की उपयुक्तता निर्धारण करने के लिए शिक्षण योग्यता के अलावा इन सभी क्षेत्रों में भी कर्मचारी की कार्य निष्पादन क्षमता का मूल्यांकन किया जाएगा।

इस नीति को देखते हुए कि जवाहर नवोदय विद्यालयों में कम से कम एक तिहाई बालिकाओं को दाखिला दिया जाता है; प्रयास किए जाएंगे कि बालिकाओं की संख्या के अनुपात में पुरुष और महिला शिक्षकों की भर्ती की जाए, बशर्ते कि वे महिलाएं सामान्य पात्रता मानदंड पूरा करती हो। परंतु, इसके लिए महिला शिक्षकों हेतु अलग से आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं होगा।

ज्यादातर रिक्तियां पूर्वोत्तर क्षेत्रों और समिति द्वारा अधिसूचित दुर्गम स्थलों (हार्ड स्टेशनों) में हैं। अतः चयनित अभ्यथियों को पूर्वोत्तर क्षेत्रों और दुर्गम स्थलों पर पदस्थापित किए जाने की संभावना है।

2. विभिन्न पदों की श्रेणियों के लिए अनिवार्य और वांछनीय योग्यताओं का ब्यौरा, आयु सीमा, आयु में छूट, चयन पद्धति और अन्य संबंधित विवरण **नीचे दिया गया है।** वेतनमान और ग्रेड वेतन के अलावा चयनित उम्मीदवारों को अतिरिक्त आवासीय दायित्वों (प्राचार्य और शैक्षणिक कर्मचारी) के निष्पादन के लिए 10% विशेष वेतन (छठे वेतन आयोग के अनुसार) के साथ अन्य स्वीकार्य भत्ते दिए जाएंगे।

2.1: (पद कोड और पात्रता मानदंड):

क. सहायक आयुक्त के लिए

वेतनमान: रु. 15600-39100 (ग्रेड वेतन रु.7600)

ऊपरी आयु सीमा: 45 वर्ष (31 जूलाई, 2016 को)

योग्यताएं:

अनिवार्य योग्यताएं

(क) किसी मान्यता प्राप्त संस्थान/विश्वविद्यालय से मानविकी/विज्ञान/वाणिज्य में स्नातकोत्तर उपाधि।

(ख) रु. 10,000-325-15,200 (पूर्व संशोधित) या रु. 15600-39100 + रु. 7600 के ग्रेड वेतन (संशोधित पीबी -3) के वेतनमान में अनुरूप पद या प्राचार्य के पद पर आसीन व्यक्ति।

अथवा

शैक्षणिक योजना और प्रशासन के क्षेत्र में किसी भी सरकारी/अर्ध सरकारी/स्वायत्त संगठन में रु. 7450-225-11500 (पूर्व संशोधित) या रु. 15600-39100 + रु. 5400 के ग्रेड वेतन (संशोधित) के वेतनमान में न्यूनतम 5 वर्ष का अनुभव।

वांछनीय योग्यताएं

(क) आवासीय विद्यालयी प्रणाली में कार्यानुभव।
(ख) शिक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान कार्य।

ख. <u>प्राचार्य के लिए</u>

वेतनमान : रु.15600-39100 (ग्रेड वेतन रु.7600)

आयु सीमा : 35-45 वर्ष के बीच (31 जूलाई, 2016 को)

<u>योग्यताएं और अनुभव:</u>

अनिवार्य योग्यताएं

(क) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 50% अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि।
(ख) शिक्षा-स्नातक (बी.एड.) या समकक्ष शिक्षण उपाधि।
(ग) किसी सरकारी/अर्ध-सरकारी/सरकारी मान्यता प्राप्त/केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध उच्चतर माध्यमिक (10+2) स्कूल/इंटर कॉलेज में कार्यरत व्यक्ति।

i. अनुरूप पद पर आसीन हो, अथवा
ii. रु. 6500-10500 (पूर्व संशोधित)/ग्रेड वेतन रु. 4800 के साथ रु. 9300-34800 (संशोधित) के वेतनमान में पी.जी.टी./व्याख्याता(लेक्चरर) के रूप में 10 वर्षों के अनुभव/सेवाकाल साथ रु. 7500-250-12000/8000-275-13500 (पूर्व संशोधित) या रु. 15600-39100 + रु. 5400 के ग्रेड वेतन (संशोधित) के वेतनमान में उप-प्राचार्य, अथवा
iii. किसी उच्चतर माध्यमिक स्कूल में रु. 6500-10500 (पूर्व संशोधित) या ग्रेड वेतन रु. 4800 के साथ रु. 9300-34800 (संशोधित) वेतनमान में पी.जी.टी./मास्टर/व्याख्याता(लेक्चरर) के रूप में न्यूनतम 12 वर्षों का अनुभव/सेवाकाल।

वांछनीय योग्यताएं

(क) किसी पूर्ण आवासीय स्कूल में हाउस मास्टर के रूप में कम से कम 03 वर्ष का अनुभव।

(ख) केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्ध/सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी पूर्ण आवासीय स्कूल में कार्यानुभव।

(ग) अंग्रेजी और हिन्दी/संबंधित क्षेत्रीय भाषा में प्रवीणता।

ग. स्नातकोत्तर शिक्षकों के लिए

	पद		पद
1.	जीवविज्ञान	7.	हिंदी
2.	रसायन विज्ञान	8.	इतिहास
3.	वाणिज्य	9.	गणित
4.	अर्थशास्त्र	10.	भौतिक विज्ञान
5.	अंग्रेज़ी	11.	सूचना उद्योगिकी
6.	भूगोल	--	--

वेतनमान : रु. 9300-34800 (ग्रेड वेतन रु. 4800)

ऊपरी आयु सीमा: 40 वर्ष (31 जूलाई, 2016 को)

योग्यताएं:

अनिवार्य योग्यताएं

(क) एन.सी.ई.आर.टी. के क्षेत्रीय शिक्षा कॉलेज से संबद्ध विषय में कम से कम 50% अंकों के साथ दो वर्ष का समेकित स्नातकोत्तर एम.एससी. पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो।

अथवा

निम्मलिखित विषयों में कम से कम 50% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर उपाधि प्राप्त की हो।

क्र.सं.	पद	स्नातकोत्तर उपाधि
(i)	पी.जी.टी. (हिन्दी)	हिंदी
(ii)	पी.जी.टी. (भौतिकी)	भौतिकी/अनुप्रयुक्त भौतिक विज्ञान/ इलेक्ट्रॉनिक्स भौतिक विज्ञान/परमाणु भौतिकी
(iii)	पी.जी.टी. (रसायन विज्ञान)	रसायन विज्ञान/जैव रसायन
(iv)	पी.जी.टी. (गणित)	गणित/अनुप्रयुक्त गणित
(v)	पी.जी.टी. (अर्थशास्त्र)	अर्थशास्त्र/अनुप्रयुक्त अर्थशास्त्र/व्यापार अर्थशास्त्र
(vi)	पी.जी.टी. (इतिहास)	इतिहास
(vii)	पी.जी.टी. (भूगोल)	भूगोल
(viii)	पी.जी.टी. (वाणिज्य)	लेखाविधि/लागत लेखाविधि/वित्तीय लेखाविधि मुख्य विषय के साथ वाणिज्य। **अनुप्रयुक्त/व्यापार अर्थशास्त्र में एम.कॉम उपाधि धारक आवेदन के पात्र नहीं होंगे।**
(ix)	पी.जी.टी. (अंग्रेजी)	अंग्रेज़ी
(x)	पी.जी.टी. (जीव विज्ञान)	वनस्पति विज्ञान/प्राणी विज्ञान/लाइफ साइंसेज/जैव विज्ञान/आनुवंशिकी/ सूक्ष्म जीव विज्ञान/जैव प्रौद्योगिकी/आण्विक जीव विज्ञान/पादप रोग विज्ञान, बशर्ते कि आवेदक ने स्नातक स्तर पर जीव विज्ञान और प्राणी विज्ञान का अध्ययन किया हो।

(Xi)	पी.जी.टी. (आई.टी.)	1. निम्नलिखित में से किसी एक में कम से कम 50% कुल अंक: किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से (कम्प्यूटर साइंस/आई.टी.) में बी.ई. या बी.टेक की उपाधि या भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्थान/विश्वविद्यालय समकक्ष डिग्री या डिप्लोमा। **अथवा** किसी भी स्ट्रीम में बी.ई. या बी.टेक. और किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर में स्नातकोत्तर डिप्लोमा। **अथवा** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से एम.एससी. (कम्प्यूटर साइंस)/एम.सी.ए. या समकक्ष। **अथवा** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.एससी. (कम्प्यूटर साइंस)/बी.सी.ए. या समकक्ष और किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि। **अथवा** किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कंप्यूटर में स्नातकोत्तर डिप्लोमा और किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि। **अथवा** डी.ओ.ई.ए.सी.सी. से "ए" स्तर और किसी भी विषय में स्नातकोत्तर उपाधि। 2. मल्टी मीडिया एवं वेब प्रौद्योगिकी, कंप्यूटर विज्ञान और सूचना विज्ञान पद्धतियों का ज्ञान। वांछनीय: बी.एड. उपाधि

(ख) पी.जी.टी. (आई.टी.) को छोड़कर पी.जी.टी. के उक्त सभी पदों हेतु किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से शिक्षा-स्नातक(बी.एड.) या समकक्ष योग्यता।

(ग) हिंदी और अंग्रेजी भाषाओं में शिक्षण में प्रवीणता।

वांछनीय योग्यताएं

(क) संबंधित विषय में मान्यता प्राप्त संस्थान में टी.जी.टी. के रूप में कार्य करने का अनुभव।

(ख) आवासीय स्कूल में कार्य करने का अनुभव।

(ग) कंप्यूटर के अनुप्रयोग का ज्ञान।

घ. <u>प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों के लिए</u>

	पद
1.	अंग्रेज़ी
2.	हिंदी
3.	गणित

4.	विज्ञान
5.	सामाजिक विज्ञान

वेतनमान: रु. 9300-34800 (ग्रेड वेतन रु. 4600)

ऊपरी आयु सीमा: 35 वर्ष (31 जूलाई, 2016 को)

योग्यताए

अनिवार्य योग्यताएं

(क) एन.सी.ई.आर.टी. के क्षेत्रीय शिक्षा कॉलेज से संबंधित विषय के साथ-साथ कुल मिलाकर भी कम से कम 50% अंकों के साथ चार वर्ष का समेकित स्नातक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो।

अथवा

निम्नलिखित विषयों के संयोजन साथ संबंधित विषय के साथ-साथ और कुल मिलाकर 50% या अधिक अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक/समकक्ष उपाधि प्राप्त की हो।

क्र.सं.	पद	विषय
(i)	टी.जी.टी. (अंग्रेजी)	डिग्री स्तर पर अंग्रेजी एक वैकल्पिक विषय रहा हो
(ii)	टी.जी.टी. (गणित)	गणित, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान
(iii)	टी.जी.टी. (विज्ञान)	वनस्पति विज्ञान, प्राणि विज्ञान और रसायन विज्ञान
(iv)	टी.जी.टी. (हिन्दी)	डिग्री स्तर पर हिन्दी एक वैकल्पिक विषय रहा हो
(v)	टी.जी.टी. (सामाजिक विज्ञान)	इतिहास के साथ भूगोल/अर्थशास्त्र/राजनीति विज्ञान या भूगोल के साथ इतिहास/अर्थशास्त्र/राजनीति विज्ञान

(ख) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय शिक्षा-स्नातक(बी.एड.) या समकक्ष योग्यता।

(ग) अंग्रेजी और हिन्दी/<u>संबंधित क्षेत्रीय भाषा, जो भी लागू हो</u>, के माध्यम से पढ़ाने की क्षमता।

(घ)केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा(सी.टी.ई.टी.) उत्तीर्ण की हो।

वांछनीय योग्यताएं

(क) आवासीय स्कूल में कार्यानुभव।

(ख) कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान।

<u>टी.जी.टी. (गणित), टी.जी.टी. (विज्ञान) एवं टी.जी.टी. (सामाजिक विज्ञान) के लिए महत्वपूर्ण निर्देश</u>:

टी.जी.टी. (गणित), टी.जी.टी. (विज्ञान) व टी.जी.टी. (सामाजिक विज्ञान) के लिए आवेदन करने वाले प्रत्याशियों को आवेदन करने से पहले सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि वे इन पदों पर नियुक्ति के लिए विचार किए जाने हेतु निम्नांकित मानदंड अवश्य पूरे करते हैं :

<u>टी.जी.टी. (गणित)):</u>

1 प्रत्याशी ने स्नातक पाठ्यक्रम के सभी तीनों वर्षों में गणित, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान का अध्ययन किया हो।

2. जो विश्वविद्यालय स्नातक परीक्षा के अंतिम वर्ष में उपरोक्त विषयों में से केवल दो विषय प्रदान करते हैं, उनके मामले में उम्मीदवार ने अंतिम वर्ष की परीक्षा में गणित और भौतिक विज्ञान अवश्य लिए हों तथा सभी तीनों विषय यानि गणित, भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान प्रथम और द्वितीय वर्ष में अवश्य हो।

3. जिन उम्मीदवारों ने गणित विषय में बी.एससी. (ऑनर्स) उपाधि उत्तीर्ण की हो, उन्हें तभी पात्र समझा जाएगा जबकि उन्होंने प्रथम और द्वितीय वर्ष में भौतिक विज्ञान और रसायन विज्ञान का अध्ययन किया हो। **भौतिक विज्ञान या रसायन विज्ञान में बी.एससी. (ऑनर्स) योग्यता रखने वाले उम्मीदवार टी.जी.टी (गणित) के लिए आवेदन के पात्र नहीं हैं।**

4. उम्मीदवार ने इन विषयों में सभी 3 वर्षों के अध्ययन के दौरान अलग-अलग 50% अंक अवश्य प्राप्त किए हो।

5. उम्मीदवार ने स्नातक डिग्री स्तर पर कुल मिलाकर भी कम से कम 50% अंक अवश्य प्राप्त किए हो।

<u>टी.जी.टी. (विज्ञान):</u>

1. उम्मीदवार ने स्नातक उपाधि के लिए सभी 3 वर्षों के अध्ययन के दौरान वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान और रसायन विज्ञान का अध्ययन अवश्य किया हो।

2. जो विश्वविद्यालय स्नातक परीक्षा के अंतिम वर्ष में केवल दो विषय प्रदान करते हैं, उनके मामले में उम्मीदवार ने वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान और रसायन विज्ञान में से दो विषय अंतिम परीक्षा में अवश्य लिए हो और स्नातक उपाधि के प्रथम और द्वितीय वर्ष के दौरान सभी तीनों विषय अर्थात वनस्पति विज्ञान, प्राणी विज्ञान और रसायन विज्ञान का अध्ययन अवश्य किया हो।

3. उपरोक्त तीनों विषयों में से किसी भी विषय में ऑनर्स उपाधि के मामले में उम्मीदवार ने पाठ्यक्रम के प्रथम और द्वितीय वर्ष में अन्य दो विषयों का अध्ययन अवश्य किया हो।

4. उम्मीदवार ने इन विषयों में सभी 3 वर्षों के दौरान अलग-अलग 50% अंक अवश्य प्राप्त किए हो।

5. उम्मीदवार ने स्नातक डिग्री स्तर पर कुल मिलाकर भी कम से कम 50% अंक अवश्य प्राप्त किए हो।

टी.जी.टी. (सामाजिक विज्ञान):

1. उम्मीदवार ने स्नातक स्तर पर निम्नांकित विषयों में से किन्हीं **दो** विषयों का अध्ययन अवश्य किया हो:

क) इतिहास के साथ भूगोल/अर्थशास्त्र/राजनीति विज्ञान, **या**

ख) भूगोल के साथ इतिहास/अर्थशास्त्र/राजनीति विज्ञान

2. उपरोक्त के अनुसार इतिहास/भूगोल का अध्ययन स्नातक उपाधि के सभी 3 वर्षों में अवश्य किया हो।

3. इतिहास में ऑनस डिग्री के मामले में उम्मीदवार ने पाठ्यक्रम के पहले और दूसरे वर्ष में भूगोल/अर्थशास्त्र/राजनीति विज्ञान का अध्ययन अवश्य किया हो। इसी प्रकार भूगोल में डिग्री के मामले में उम्मीदवार ने प्रथम और द्वितीय वर्ष में इतिहास और राजनीति विज्ञान का अध्ययन अवश्य किया हो। **अर्थशास्त्र या राजनीति विज्ञान बी.ए.(ओनर्स) योग्यता रखने वाले उम्मीदवार पी.जी.टी. (सामाजिक विज्ञान) के पद के लिए आवेदन के पात्र नहीं है।**

4. उम्मीदवार ने इन विषयों में सभी 3 वर्षों के दौरान अलग-अलग 50% अंक अवश्य प्राप्त किए हो।

5. उम्मीदवार ने स्नातक डिग्री स्तर पर कुल मिलाकर भी कम से कम 50% अंक अवश्य प्राप्त किए हो।

ङ. विविध शिक्षकों के लिए

	पद
1.	संगीत
2.	कला
3.	पी.ई.टी. (पुरुष)
4.	पी.ई.टी. (महिला)
5.	पुस्तकालय अध्यक्ष

वेतनमान: **रु. 9300-34800 (ग्रेड वेतन रु. 4600)**

ऊपरी आयु सीमा: **35 वर्ष (31 जूलाई, 2016 को)**

योग्यताएं:

अनिवार्य योग्यताएं

क्र. सं.	पद	अनिवार्य योग्यताएं	वांछित योग्यताएं
1.	संगीत	संबंधित राज्य सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संगीत संस्थान में 5 वर्ष अध्ययन, जो स्नातक या स्नातकोत्तर उपाधि के समकक्ष हो,	(i) अंग्रेजी और हिंदी या अन्य क्षेत्रीय भाषा का कार्यसाधक ज्ञान।

		अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से संगीत में स्नातक उपाधि और शिक्षा-स्नातक(बी.एड.) हो। अथवा निम्नांकित में से किसी एक के साथ वरिष्ठ/उच्चतर माध्यमिक : गंधर्व महाविद्यालय मंडल, मुंबई या भातखंडे संगीत विद्यापीठ, लखनऊ या इंदिरा कला संगीत विश्व विद्यालय, खैरागढ़ (मध्य प्रदेश) से संगीत-विशारद की परीक्षा उत्तीर्ण की हो या प्रयाग संगीत समिति, इलाहाबाद से संगीत प्रभाकर की परीक्षा उत्तीर्ण की हो। अथवा प्राचीन कला केंद्र, चंडीगढ़ द्वारा प्रदान की गई निम्नलिखित उपाधि/डिप्लोमा: (क) किसी भी विषय में स्नातक उपाधि के साथ संगीत भास्कर। (ख) किसी भी विषय में स्नातक उपाधि के साथ संगीत नृत्य भूषण। (ग) संगीत भूषण या संगीत नृत्य विशारद के साथ वरिष्ठ माध्यमिक/इंटरमीडिएट/3 वर्ष के स्नातक पाठ्यक्रम के भाग-I की परीक्षा उत्तीर्ण की हो।	(ii) आवासीय स्कूल में कार्यानुभव।
2.	कला	माध्यमिक परीक्षा (दसवीं कक्षा या समकक्ष) उत्तीर्ण करने के पश्चात ललित कला के किसी भी विषय जैसे, ड्राइंग/चित्रकला/मूर्तिकला/ग्राफिक कला/शिल्प कला में 5 वर्ष का मान्यता प्राप्त डिप्लोमा हो। अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से ड्राइंग, पेंटिंग और ललित कला में स्नातकोत्तर उपाधि हो। अथवा विश्व भारती शांति निकेतन से ललित कला/शिल्प कला में चार वर्ष का डिप्लोमा हो। अथवा क्षेत्रीय शिक्षा कॉलेज से ललित कला में बी.एड. में उपाधि/डिप्लोमा हो (बारहवीं कक्षा के पश्चात ललित कला में स्नातक डिग्री (बी.एफ.ए.) दसवीं कक्षा के बाद ललित कला में पांच वर्ष के डिप्लोमा के बराबर माना जाएगी)	(I) किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय शिक्षा-स्नातक(बी.एड.) या समकक्ष शिक्षण उपाधि हो। (II) अंग्रेजी और हिंदी या अन्य क्षेत्रीय भाषा का कार्यसाधक ज्ञान। (III) आवासीय स्कूल में कार्यानुभव।

3.	शारीरिक शिक्षा शिक्षक (पी.ई.टी.)	किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से शारीरिक शिक्षा में स्नातक की उपाधि हो। अथवा किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से शारीरिक शिक्षा में डिप्लोमा (डी.पी.एड.) हो, बशर्ते कि डिप्लोमा में प्रवेश के लिए योग्यता कम से कम किसी विश्वविद्यालय से प्रदान की गई डिग्री हो।	i) अंग्रेजी और हिंदी या अन्य क्षेत्रीय भाषा का कार्यसाधक ज्ञान। ii) आवासीय स्कूल में कार्यानुभव।
4.	पुस्तकालयाध्यक्ष	1. किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान में डिग्री हो। अथवा स्नातक उपाधि के साथ किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा हो। 2. अंग्रेजी और हिंदी या अन्य क्षेत्रीय भाषा का कार्यसाधक ज्ञान।	(i) आवासीय स्कूल में कार्यानुभव। ii) कंप्यूटर संचालन का ज्ञान।

च. **<u>टी.जी.टी. (तृतीय भाषा) के लिए</u>**

	पद		पद
1.	असमिया	9.	मराठी
2.	बंगाली	10.	मिजो
3.	बोडो	11.	नेपाली
4.	गारो	12.	उड़िया
5.	गुजराती	13.	पंजाबी
6.	कन्नड़	14.	तामिल
7.	खासी	15.	तेलुगु
8.	मलयालम	16.	उर्दू

वेतनमान: **रु. 9300-34800 (ग्रेड वेतन रु. 4600)**

ऊपरी आयु सीमा: **35 वर्षों (31 जूलाई, 2016 को)**

<u>योग्यताएं</u>

अनिवार्य योग्यताएं

(क) एन.सी.ई.आर.टी. के क्षेत्रीय शिक्षा कॉलेज से संबंधित विषय के साथ-साथ कुल मिलाकर भी कम से कम 50% अंकों के साथ चार वर्ष का समेकित स्नातक पाठ्यक्रम उत्तीर्ण किया हो।

अथवा

संबंधित क्षेत्रीय भाषा को स्नातक स्तर पर एक वैकल्पिक विषय के रूप में लेते हुए उस विषय के साथ-साथ कुल मिलाकर भी कम से कम 50% अंकों के साथ किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक उपाधि प्राप्त की हो।

(ख) मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय शिक्षा-स्नातक(बी.एड.) या समकक्ष योग्यता।

(ग) अंग्रेजी और हिन्दी/संबंधित क्षेत्रीय भाषा, जो भी लागू हो, के माध्यम से पढ़ाने की क्षमता।

(घ) केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा संचालित केंद्रीय शिक्षक पात्रता परीक्षा (सी.टी.ई.टी.) उत्तीर्ण की हो।

वांछनीय योग्यताएं

(क) आवासीय स्कूल में कार्यानुभव।

(ख) कंप्यूटर अनुप्रयोग का ज्ञान।

2 (2): **आयु सीमा में छूट**

ऊपरी आयु सीमा अधिकतम छूट निम्नानुसार दी जाएगी:

क्र.स.	व्यक्तियों की श्रेणी	आयु में छूट/रियायत की सीमा
(क)	अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति	5 वर्ष
(ख)	अन्य पिछड़ा वर्ग	3 वर्ष
(ग)	महिला (सभी वर्ग), परन्तु सहायक आयुक्त और प्राचार्य के पदों को छोड़कर	10 वर्ष
(घ)	न.वि.स. कर्मचारी	5 वर्ष
(ड.)	केंद्र सरकार की सेवा में 3 वर्षों की लगातार सेवा पूरी करने वाले उम्मीदवार, बशर्ते पद समान या अनुषंगी संवर्ग से संबद्ध हो	5 वर्ष
(च)	दिनांक 01.01.1980 से 31.12.1989 की अवधि में जम्मू कश्मीर में अधिवासित व्यक्ति	5 वर्ष
(छ)	विकलांग व्यक्ति (महिला सहित) (i) अ.जा./अ.ज.जा. (ii) अ.पि.व. (iii) सामान्य	 15 वर्ष 13 वर्ष 10 वर्ष

टिप्पणी: ऊपर दर्शाई गई सभी रियायतें समवर्ती होंगी अर्थात यदि कोई व्यक्ति एक से अधिक रियायत के लिए पात्र होगा तो उसे केवल एक उच्चतम स्वीकार्य आयु सीमा की छूट प्रदान की जाएगी।

2 (3): विभिन्न पात्रता मानदंड (शैक्षिक योग्यता, आयु सीमा, अनुभव आदि) के निर्धारण के लिए कट-ऑफ तारीख 31.07.2016 होगी। आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों को अपनी पात्रता के सभी मानदंड दिनांक 31.07.2016 को अवश्य पूरे करने चाहिए। नवोदय विद्यालय समिति मूल दस्तावेजों के संदर्भ में पात्रता की शर्तों की जांच केवल उन उम्मीदवारों के मामले में करेगा जो साक्षात्कार के लिए अहर्ता प्राप्त करेंगे। अन्य पिछड़ा वर्ग के अंतर्गत केवल उन वर्गों पर विचार किया जाएगा जो केंद्र सरकार के अंतर्गत नियुक्ति के संदर्भ में स्वीकार्य हैं।

3: <u>चयन पद्धति</u>

क) लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में मिलाकर प्रदर्शित योग्यता के आधार पर उम्मीदवारों की संचित सूची तैयार की जाएगी। समिति को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह लिखित परीक्षा और साक्षात्कार में कट-ऑफ अंक पृथक रूप से निर्धारित कर सकती है। उपरोक्त पदों के लिए चयन पद्धति और साक्षात्कार के लिए आवेदकों की पात्रता की शर्तों के मामले में समिति का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा। इस बारे में किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। यद्यपि प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (टी.जी.टी.), विविध शिक्षकों (पुस्तकालाध्यक्ष) और टी.जी.टी. (तृतीय भाषा) का चयन केवल लिखित परीक्षा के प्रदर्शन के आधार पर ही होगा। **हालांकि उपरोक्त सभी पदों हेतु चयन करने का माध्यम केवल नवोदय विद्यालय समिति के विवेकानुसार होगा और इसे बदला जा सकता है।**

ख) ऊपर वर्णित पदों के लिए लिखित परीक्षा निम्नांकित 42 शहरों में आयोजित की जा सकती है। **किंतु समिति को यह अधिकार सुरक्षित है कि वह सभी शहरों में लिखित परीक्षा आयोजित करें या उम्मीदवारों की संख्या के आधार पर और परिस्थितियों/मजबूरियों के अनुसार किसी एक शहर में परीक्षा का आयोजन करें।** प्रत्येक शहर में परीक्षा केंद्रों की संख्या शहर को विकल्प बनाने वाले उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करेगी। **सहायक आयुक्त और प्राचार्य के पदों हेतु लिखित परीक्षा का केंद्र दिल्ली में ही होगा।**

1.	अहमदाबाद	22.	कोलकाता
2.	अमृतसर	23.	लखनऊ
3.	अजमेर	24.	मदुरै
4.	इलाहाबाद	25.	मुंबई
5.	बेंगलूर	26.	मुजफ्फरपुर
6.	भोपाल	27.	नागपुर
7.	भुवनेश्वर	28.	पटना
8.	चंडीगढ़ / पंचकूला / मोहाली	29.	पुणे
9.	चेन्नई	30.	पोर्ट ब्लेयर
10.	देहरादून	31.	रायपुर
11.	दिल्ली	32.	रांची
12.	फरीदाबाद	33.	शिमला
13.	गुड़गाँव	34.	त्रिवेन्द्रम
14.	गाज़ियाबाद	35.	विशाखापत्तनम
15.	नोएडा	36.	शिलांग
16.	गुवाहाटी	37.	कोहिमा
17.	हैदराबाद	38.	इंफाल
18.	ईटानगर	39.	आइजोल
19.	जबलपुर	40.	सिलीगुड़ी
20.	जयपुर	41.	अगरतला
21.	जम्मू	42.	पंजी (गोवा)

ग) 40% या उससे अधिक विकलांगता वाले व्यक्ति चाहे तो लिखित परीक्षा के लिए स्वयं की व्यवस्था से प्रलिपिक (स्क्राइब) की सहायता ले सकते हैं। प्रलिपिक के लिए शैक्षिक योग्यता या आयु संबंधी कोई बंधन नहीं होगा। प्रलिपिक के मामले में परीक्षा के प्रत्येक घंटे पर 20 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। प्रलिपिक की सुविधा न लेने वाले सभी विकलांग व्यक्तियों को 3 घंटे की अवधि वाली परीक्षा के लिए न्यूनतम 1 घंटे का अतिरिक्त समय दिया जा सकता है। ढाई घंटे की परीक्षा के मामले में 50 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। चालू वर्ष की रिक्तियों के संदर्भ में विकलांग व्यक्तियों के लिए आरक्षण नियमानुसार दिया जाएगा। हालांकि विकलांग व्यक्तियों हेतु पहचाने गए उपयुक्त पद, विकलांग व्यक्तियों हेतु मुख्य आयुक्त का कार्यालय, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी कार्यालय ज्ञापन सं. 16-15/2010-डीडी-III दिनांक 29.7.2013 के अनुसार होंगे।

घ) समुचित प्रवेश पत्रक के बिना किसी भी उम्मीदवार को लिखित परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

ङ) **परीक्षा योजना:**

(i) सहायक आयुक्त के पद हेतु:

परीक्षा	परीक्षा की विषयवस्तु	प्रश्नों की संख्या	कुल अंक	परीक्षा की अवधि
भाग – I	तर्कशक्ति	20	20	परीक्षा की अवधि 3 घंटे की होगी, जिसमें किसी विषय की अलग से कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं होगी।
भाग – II	सामान्य जागरूकता	40	40	
भाग– III	भाषा परीक्षण (सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिंदी - प्रत्येक विषय के 20 अंक)	40	40	
भाग - IV	संख्यात्मक अभिरुचि	20	20	
भाग - V	शैक्षिक योजना एवं प्रशासन	60	60	
	कुल	180	180	

(ii) प्राचार्य के पद हेतु:

परीक्षा	परीक्षा की विषयवस्तु	प्रश्नों की संख्या	कुल अंक	परीक्षा की अवधि
भाग – I	तर्कशक्ति	20	20	परीक्षा की अवधि 3 घंटे की होगी, जिसमें किसी विषय की अलग से कोई समय-सीमा निर्धारित नहीं होगी।
भाग – II	सामान्य जागरूकता	40	40	
भाग– III	भाषा परीक्षण (सामान्य अंग्रेजी और सामान्य हिंदी - प्रत्येक विषय के 20 अंक)	40	40	
भाग - IV	संख्यात्मक अभिरुचि	20	20	
भाग – V	प्रशासनिक और वित्तीय प्रक्रिया/भारत सरकार की नियमावली	60	60	
	कुल	180	180	

(iii) स्नातकोत्तर शिक्षकों (पी.जी.टी.), प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (टी.जी.टी.), विविध शिक्षकों और प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (तृतीय भाषा) के पदों हेतु:

लिखित परीक्षा में स्नातकोत्तर शिक्षकों (पी.जी.टी.), प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (टी.जी.टी.), विविध शिक्षकों और प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (तृतीय भाषा) हेतु निम्नानुसार अलग-अलग प्रश्नपत्र होंगे:-

प्रश्नपत्र	**विषय**	**अंक/अवधि**
सामान्य प्रश्नपत्र	**पी.जी.टी.,टी.जी.टी., विविध शिक्षकों और टी.जी.टी.(तृतीय भाषा) के सभी पदों के लिए समान प्रश्नपत्र :** सामान्य अंग्रेजी/हिंदी (40:20+20), सामान्य जागरूकता (30), सामान्य बुद्धि संख्यात्मक योग्यता, संख्यात्मक योग्यता एवं तर्कशक्ति (30), शिक्षण अभिरुचि (20) और संबधित विषय की जानकारी (80) के बारे में **वस्तुनिष्ठ बहुविकल्प प्रश्नपत्र** प्रकार की परीक्षा होगी। पी.जी.टी. के लिए प्रश्नपत्रों की कठिनता का स्तर स्नातकोत्तर स्तर का, टी.जी.टी. एवं अन्य के लिए स्नातक स्तर का होगा।	200 अंक/ 2 घंटे 30 मिनट

च) लिखित परीक्षा के कार्यक्रम की जानकारी प्रवेश पत्रक के माध्यम से दी जाएगी। परीक्षा का विस्तृत कार्यक्रम समिति की वेबसाइट, www.nvshq.org और www.mecbsegov.in पर उचित समय पर अधिसूचित किया जाएगा।

छ) लिखित परीक्षा में प्रदर्शित योग्यता के आधार पर और रिक्तियों की संख्या को देखते हुए उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा। इस आशय की जानकारी समिति की वेबसाइट, www.nvshq.org और www.mecbsegov.in पर उचित समय पर प्रदर्शित की जाएगी। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वह समय-समय पर समिति की वेबसाइट देखते रहें। लिखित परीक्षा और साक्षात्कार दोनों में प्रदर्शित योग्यता के आकलन के आधार सहायक आयुक्तों, प्राचार्यों, पी.जी.टी. और विविध शिक्षकों (कला, संगीत, पीईटी) के पदों पर अंतिम रूप से चुने हुए उम्मीदवारों की सूची तैयार की जाएगी। **हालांकि उपरोक्त सभी पदों हेतु चयन करने का माध्यम केवल नवोदय विद्यालय समिति के एकमात्र विवेक के अनुसार होगा और इसे बदला जा सकता है।**

4: आवेदन कैसे करें:

i. उम्मीदवारों को नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट, www.nvshq.org या www.mecbsegov.in के माध्यम से **ऑन-लाइन आवेदन** करना होगा। **आवेदन करने का कोई अन्य तरीका या पद्धति स्वीकार नहीं की जाएगी।**

ii. उम्मीदवारों के पास एक **वैध व्यक्तिगत ई-मेल आई.डी.** होना चाहिए। इस भर्ती की अवधि के दौरान यह ई-मेल आई.डी. सक्रिय रखा जाना चाहिए। नवोदय विद्यालय समिति अपनी परीक्षा आयोजन एजेंसी के माध्यम से लिखित परीक्षा, साक्षात्कार, आदि के लिए पंजीकृत ई-मेल आई.डी. के माध्यम से कॉल लेटर भेज सकती है। **किसी भी परिस्थिति में उम्मीदवार को अपनी ई-मेल आई.डी. किसी अन्य व्यक्ति को साझा/प्रकट नहीं करना चाहिए या उसे किसी अन्य व्यक्ति की ई-मेल आई.डी. इस्तेमाल नहीं करना चाहिए।**

iii. यदि किसी उम्मीदवार के पास वैध ई-मेल आई.डी. नहीं है तो उसे ऑन-लाइन आवेदन करने से पहले अपना नया ई-मेल आई.डी. बना लेना चाहिए।

iv. आवेदन प्रपत्र में पूरे विवरण ध्यान से भरे। ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में दिए गए निर्देशों के अनुसार **स्कैन किए गए अपने नवीनतम फोटोग्राफ और हस्ताक्षर को उपयुक्त स्थानों पर अपलोड करें** और उसे ऑनलाइन जमा (सबमिट) करें। आवेदन सफलतापूर्वक जमा होने के बाद लॉगइन आई.डी. और पासवर्ड सृजित होगा, जिसे स्क्रीन पर डिस्प्ले किया जाएगा। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे भविष्य में इस्तेमाल के लिए अपने लॉगइन आई.डी. और पासवर्ड को नोट करके रखें।

v. **अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/विकलांग श्रेणियों और महिला उम्मीदवारों** को आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट दी गई है। अतः ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में शुल्क भुगतान संबंधी स्टेप उनके मामले में लागू नहीं होगा। **आवेदन शुल्क जमा कराने के बाद किसी भी परिस्थिति उसे वापस (रिफंड) नहीं किया जाएगा।**

vi. उम्मीदवारों को ऑनलाइन प्रपत्र पर निर्धारित लिंक के माध्यम से परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन भुगतान करना होगा। भुगतान किए जाने वाला परीक्षा शुल्क पद-वार निम्नानुसार है:

सहायक आयुक्त – रु. 1500/-
प्राचार्य – रु. 1500/-
पी.जी.टी. - रु. 1000/-
टी.जी.टी. – रु. 1000/-
विविध - रु. 1000/-
क्षेत्रीय भाषा के शिक्षक - रु.1000/-

vii. **उम्मीदवारों को ऑनलाइन आवेदन का एक प्रिंटआउट लेना चाहिए और उस पर पासपोर्ट आकार का नवीनतम फोटोग्राफ चिपकाते हुए, उसे अपने रिकॉर्ड के लिए संभाल कर रखना चाहिए. इस प्रति को नवोदय विद्यालय समिति के पते अथवा किसी अन्य पते पर भेजने की आवश्यकता नहीं है। फोटोग्राफ सहित आवेदन का प्रिंट आउट और आयु, योग्यता, अनुभव, जाति, जाति वैधता, नॉन क्रीमी लेयर, शारीरिक विकलांगता, जैसा भी लागू हो से संबंधित प्रमाणपत्रों की स्वयं द्वारा साक्ष्यांकित प्रति साक्षात्कार के समय दस्तावेज जांच के दौरान प्रस्तुत करने होंगे।**

viii. **उम्मीदवार का नाम, जन्म तिथि एवं उसके अभिभावक् का नाम आवेदन में सही-सही लिखा जाना चाहिए, जैसा कि कक्षा X के प्रमाणपत्रों/अंक तालिकाओं में लिखा गया हो। कोई परिवर्तन/फेरबदल पाए जाने की स्थिति में उम्मीदवारी रद्द कर दी जाएगी।**

ix. **उम्मीदवारों को कॉल लेटर (बुलावा पत्र) नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट अर्थात् www.nvshq.org** या www.**mecbsegov**.in **से डाउनलोड करना होगा। समिति की परीक्षा संचालन एजेंसी द्वारा कॉल लेटर भेजे जाने की सूचना ई-मेल/एस.एम.एस. के जरिए दी जाएगी। लेकिन उम्मीदवारों के हित में उन्हें सलाह दी जाती है कि वे लिखित परीक्षा तथा साक्षात्कार के बारे में कॉल लेटर और अन्य अद्यतन जानकारी के लिए समय-समय पर समिति की वेबसाइट देखते रहें क्योंकि यह संभव है कि तकनीकी खराबी के कारण उन्हें ई-मेल से भेजी गई सूचना प्राप्त न हो पाए। समिति इस बारे में किसी पत्राचार पर विचार नहीं करेगी और उम्मीदवारों को इस आशय के अलग से कोई सूचना नहीं भेजी जाएगी।**

x. **उम्मीदवार यदि पात्र हो और ऐसा करने का इच्छुक हो तो वह एक से अधिक पद के लिए आवेदन कर सकता/सकती है। ऐसे मामलों में उम्मीदवारों को सभी आवेदित पदों के लिए अलग-अलग आवेदन शुल्क जमा कराना होगा। परंतु, पी.जी.टी./टी.जी.टी श्रेणी के अंतर्गत उम्मीदवार केवल एक विषय के लिए आवेदन कर सकते हैं।**

महत्वपूर्ण तिथियां:-

ऑनलाइन पोर्टल पर पंजीकरण प्रारंभ होने की तिथि	10.09.2016 (08.00 बजे से)
पंजीकरण बंद होने की तिथि	09.10.2016(मध्य रात्रि के 24.00 बजे तक)
फी जमा करने की अंतिम तिथि,ई चालान द्वारा	14.10.2016
लिखित परीक्षा की संभावित तिथि	नवम्बर/दिसम्बर, 2016 माह में

5: उम्मीदवारों के लिए सामान्य अनुदेश

1. आयुक्तों, प्राचार्यों, स्नातकोत्तर शिक्षकों (पी.जी.टी.), प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (टी.जी.टी.), विविध शिक्षकों और प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (तृतीय भाषा) के पदों हेतु ऊपर दर्शाई गई रिक्तियों की संख्या अस्थायी है और उनमें आगे परिवर्तन हो सकता है।

2. लिखित परीक्षा के उपरांत उत्तर कूंजी को उचित समय के भीतर वेबसाइट पर डाल दिया जाएगा ताकि उम्मीदवारों से आपत्तियां, यदि कोई है तो आमंत्रित की जा सके। इसके बाद आपत्तियों को विशेषज्ञों के पास भेज दिया जाएगा तथा परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी द्वारा उत्तर कूंजी को अंतिम रूप दिया जाएगा और परिणाम तैयार किया जाएगा।

3. लिखित परीक्षा के परिणाम उचित समय पर समिति की वेबसाइट पर प्रकाशित किए जाएंगे। इस बारे में न.वि.स. द्वारा किसी पूछताछ पर ध्यान नहीं दिया जाएगा।

4. साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों की सूची समिति की वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी।

5. आयुक्तों, प्राचार्यों, स्नातकोत्तर शिक्षकों (पी.जी.टी.), प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (टी.जी.टी.), विविध शिक्षकों और प्रशिक्षित स्नातक शिक्षकों (तृतीय भाषा) के पदों पर भर्ती करने हेतु छटनी किए गए उम्मीदवारों की विषय-वार सूची भी समिति की बेवसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी। इस संबंध अलग से किसी पत्राचार विचार नहीं किया जाएगा।

6. किसी भी रुप में की गई सिफारिश उम्मीदवार की अयोग्यता समझी जाएगी।

7. **समिति चयन प्रक्रिया प्रारंभ होने से पहले अथवा पूरी होने के बाद किसी भी बिंदु पर उम्मीदवारों की पात्रता की जांच कर सकती है।** आवेदन प्रपत्र में जानकारी के अभाव या किसी अन्य कारण से प्रवेश पत्र जारी किए जाने के बाद भी यदि किसी भी स्तर पर (कार्यभार ग्रहण करने और उसके बाद भी) यह पाया गया कि उम्मीदवार पात्र नहीं है तो उसकी उम्मीदवारी सिरे से खारिज कर दी जाएगी।

8. समिति अपने विवेकाधिकार से किसी भी स्तर पर यदि आवश्यक महसूस करेगी तो पुनः परीक्षा आयोजित कर सकती है। ऐसी स्थिति में उम्मीदवारों को स्वयं की लागत पर पुनः परीक्षा में बैठना होगा।

9. लिखित परीक्षा में बैठने के लिए कोई यात्रा भत्ता नहीं दिया जाएगा।

10. चुने हुए उम्मीदवारों को भारत में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।

11. चुने हुए उम्मीदवार प्रारंभ में 2 वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर रखे जाएंगे, जिससे सक्षम प्राधिकारी के विवेकाधिकार से बढ़ाया जा सकता है।

12. उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त की गई योग्यता निर्धारित योग्यताओं के अनुरुप होनी चाहिए। **अधिसूचित योग्यताओं के समकक्ष योग्यता का दावा करने वाले उम्मीदवारों को अपने दावे के समर्थन में साक्षात्कार/चयन के समय दस्तावेजी साक्ष्य प्रस्तुत करना चाहिए**, अन्यथा ऐसे दावों को सिरे से खारिज कर दिया जाएगा। इसी प्रकार जहां कहीं ग्रेड दिए गए हों, तो अंक तालिकाओं में समकक्ष प्राप्तांक प्रतिशत दर्शाने का फार्मूला साक्षात्कार/चयन के समय प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

13. हिंदी या किसी अन्य भाषा में इस विज्ञापन में अनुदित संस्करण में कोई खामी या अंतर पाए जाने की स्थिति में अंग्रेजी संस्करण के पाठ को ही अंतिम समझा जाएगा।

14. परीक्षा पुस्तिका उत्तर पुस्तिका (ओ.एम.आर.) और आवेदन प्रपत्र को अंतिम परिणाम घोषित होने की तिथि से केवल 6 महीने की अवधि के लिए संरक्षित किया जाएगा और उसके बाद उन्हें नष्ट कर दिया जाएगा।

15. **इस भर्ती से संबंधित किसी विवाद का निपटारा केवल दिल्ली स्थित न्यायालयों में किया जा सकेगा।**

……………..